24 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आज रिसाली के स्कूली बच्चों ने देखा एस एल आर एम सेंटर की गतिविधियां, छात्र-छात्राओं को सिखा रहे स्वच्छता का पाठ
भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी के निर्देश पर स्कूली बच्चों ने एसएलआरएम सेंटर में स्वच्छता से संबंधित किए जा रहे कार्यों को देखा एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया!
आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 स्कूली छात्रों का एक दिवसीय कार्यशाला भिलाई क्षेत्र अंतर्गत एसएलआरएम सेंटर में निर्धारित किया गया है! ठोस अपशिष्ट प्रबंधन स्वच्छता से संबंधित आईईसी जागरूकता अभियान एवं कंपोस्टिंग विधि द्वारा खाद बनाने की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन एवं प्रशिक्षण दिया जाना है जिसके लिए विभिन्न स्कूलों का चयन किया गया है

जनसम्पर्क अधिकारी